## न्यूज़ ब्रीफ

### 15 दिवसीय वॉलीबॉल कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**खरगोन।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित 15 दिवसीय वॉलीबॉल कौशल प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने की। उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के



प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि वे खेलों को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि करियर और जीवन कौशल के रूप में भी देख रहे हैं। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीएस बामनिया ने कहा कि खेल व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम है। विशेष अतिथि प्रो. धर्मेंद्र पाटीदार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने बताया प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को सर्व एवं ओवरहैंड सेटिंग, स्मैशिंग, ब्लॉकिंग एवं डिफेंस की तकनीकों का गहन अभ्यास कराया गया। शिविर में कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### बंजारा समाज का युवा रितेंद्र लोको पायलट के लिए चयन

**खरगोन।** भीकनगांव तहसील के ग्राम पोखराबाद के नायक समाज के रितेंद्र ज्ञानसिंह चौहान ने पहले ही प्रयास में रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर चयनित होने में सफलता हासिल की है। रितेंद्र बंजारा समाज से है। समाज के युवा के लोको पायलट जैसे महत्वपुर्ण पद पर चयनित होने से खुशी का माहौल है।



रितेंद्र ने 2024 में रेलवे की 18000 वैकेंसी में अहमदाबाद झोन की 937 सीटों में पहली परीक्षा प्री पास की। 2025 जनवरी में दूसरी परीक्षा मेंस पास की। इसके बाद 2025 जुलाई में इंटरव्यू दिया। विभागीय प्रक्रिया के बाद अब फाइनल जॉइनिंग मिलनेक जा रही है। रितेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और बड़े भाई को दिया है। इसके पहले उन्होंने तीन बार एमपी पुलिस, एक बार दिल्ली पुलिस, एक बार एसएससी जीडी और एक बार आरआरबी जेई क्वालीफाई किया है। लगातार मेहनत और कठिन परिश्रम से उन्होंने अंतिम रूप से सफलता प्राप्त की और परिवार सहित समाज का नाम पूरे जिले में रोशन किया।

### मुस्लिम समाज की बालिकाओं को लगा एचपीवी टीका, सर्वाइकल कैंसर से करेगा बचाव



**खरगोन।** शहर के जमातखाने में जमात इस्लाहुल मुस्लेमीन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से प्रशासन की एचपीवी टीकाकरण मुहिम के तहत एक विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को गंभीर बीमारियों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीका लगाया गया। कैंप में 49 बालिकाओं को टीका लगाया गया। इस दौरान चिकित्सकों ने बताया कि यह टीकाकरण बच्चेदानी के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में अत्यंत प्रभावी है, इसलिए समय पर टीका लगवाना जरूरी है। पालक किसी भी भ्रांति या अफवाह पर ध्यान न दें और अपनी बच्चियों को यह टीका जरुर लगवाएं। शिविर में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र आर्य, जमात सदर आसिफ खान, अयाज खान सहित आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।


---

**उत्कृष्ट विद्यालय में लगा जिला स्तरीय शिविर**

# एक ही मंच पर दिया योजनाओं का लाभ और समस्याओं का किया समाधान

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

संकल्प से समाधान अभियान के तहत 28 उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान पर जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों को एक ही स्थान पर योजनाओं का लाभ एवं समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन के सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। मुख्य अतिथि विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के साझा संकल्प का प्रतीक है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जो हितग्राही शेष रह जाएंगे, उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं एचपीवी टीकाकरण जैसे कार्यक्रम भविष्य की बीमारियों से बचाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा, तो गरीबी अपने आप दूर होगी। कलेक्टर भव्या मित्तल ने अपील की कि किसी भी प्रकार के भ्रम या अफवाह से दूर रहकर अभिभावक अनिवार्य रूप से अपनी 14 वर्षीय बालिकाओं का टीकाकरण कराएं। कृषकों से ऑर्गेनिक कृषि



अपनाने की अपील करते हुए कहा कि जिले में इसके लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। उद्धवन सिंचाई परियोजनाओं, गेहूं उपार्जन, सत्यापन एवं पंजीयन की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सभी उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर अनिल जैन, लोकेश छापरे, एसडीएम वीरेंद्र कुमार कटारे सहित सभी जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

**कार्यवाही : दो खरीददार धराए**

## 5 किलो 75 ग्राम गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

पुलिस ने अवैध गांजा खरीद-फरोख्त का मामला उजागर करते हुए बेचवाल सहित खरीददार को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 लाख रुपये का मश्रुका जब्त किया है। सनावद थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 26 मार्च को निर्माणधीन इन्दौर-खण्डवा बायपास पर वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बासवां की ओर से आ रहा बाईक सवार चेकिंग देख वापस लौटने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर उसे धरदबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम दुलेसिंह पिता गंगाराम चौहान निवासी लछोरा भीकनगांव बताया। दुलेसिंग के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमें 2 लाख 50 हजार रुपए कीमत का 5 किलो 75 ग्राम गांजा मिला। पूछताछ में दुलेसिंह ने ओंकारेश्वर रोड पर इनपुन पुनर्वास के रहने वाले नरेन्द्र उर्फ भय्यू पिता देवराम हिर्वे और संतोष पिता राजू वर्मा दोनों निवासी पुनर्वास सनावद को उक्त गांजा सप्लाय करने की जानकारी। इसके आधार पर पुलिस ने नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष के घर पर दबिश दी। दोनों को अभिरक्षा में लेकर प्रकरण दर्ज किया है।

---

## पीजी कॉलेज में ओपन माइक कार्यक्रम, युवाओं ने जेंडर समानता और सामाजिक मुद्दों पर रखे विचार



**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

प्रवाह संस्था द्वारा संचालित छोटा मुँह - खरी बात अभियान के तहत पीजी कॉलेज में ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जेंडर समानता और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर विचार रखे। इससे विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति, कला और विचारों को सामने आने का अवसर मिला। प्रतिभागियों ने सामाजिक बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए अपने अनुभव और दृष्टिकोण साझा किए। संचालन भूमिका कुमरावत, भूमिका साहू और गौतम भालसे ने किया। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रासेयो जिला संगठन अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे, महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सावित्री भगोरे, प्राध्यापक डॉ. गणेश पाटिल, डॉ. संजय कोचक, डॉ. वंदना बर्वे, मनोज भारवे, प्रवाह संस्था से श्रद्धा पांडे, महेंद्र वर्मा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

---

**दतिया में आज एक दिवसीय वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सम्पन्न**

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र को मिलना ही सच्चा न्याय है : प्रधान न्यायाधीश चंद्रा

**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आज 28 मार्च 2026 शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन ग्राउंड में बृहद विधिक सेवा शिविर का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विजय चंद्रा, कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान विशेष न्यायाधीश श्री अखिलेश कुमार धाकड़, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री निधि पिंटो के साथ समस्त न्यायाधीश, न्यायिक विभाग एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण एवं भारी जनसंख्या



में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश श्री चंद्रा ने कहा कि आम जनता तक शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जानकारी के आभाव में नहीं पहुंच पाता है। उन्होंने कहा कि समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विशेष रूप से उन हितग्राहियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो अब तक शासन की विभिन्न योजनाओं से वंचित रहे हैं। ऐसे पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें मौके पर ही योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य किया गया। प्रधान न्यायाधीश श्री चंद्रा द्वारा कान्हा रायकवार पुत्र श्री अजय रायकवार निवासी ग्राम गोविंदपुर को बाल श्रवण योजना के तहत कॉक्लियर इंप्लांट हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में 445000 हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया गया। प्रधान न्यायाधीश श्री चंद्रा द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन कर जानकारी ली। स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभ संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आर्थिक राहत पैकेज के बारे में प्रकाश पत्रिकाएँ व वर्चुअल लिंक उपलब्ध कराए गए।

---

## जन सहयोग से जल संवर्धन के तहत ग्वालटोली तालाब पर स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच।**

जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जनसहयोग से जल संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को जिला मुख्यालय नीमच पर स्थित ग्वालटोली तालाब परन.पा. नीमच द्वारा स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार,कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ,जिला पंचायत सी.ई.ओं. श्री अमन वैष्णव,ए.डी.एम. श्री बी.एस.कलेश, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा,पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण,विभिन्न सस्थाओं के प्रतिनिधियों ने तालाब परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया



गया। जन सहयोग से स्वच्छता के लिए किए गए इस श्रमदान से ग्वालटोली तालाब का स्वरूप बदला बदला सा नजर आने लगा है । इस अवसर पर नगरपालिका जलकल समिति सभापति श्रीमती छाया वीरेंद्र जायसवाल, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धार्वे, श्री पराग जैन ,पार्षद श्री हरगोविंद दीवान, पार्षद प्रतिनिधि श्री मुकेश पोरवाल, पर्यावरण मित्र संकल्प संस्था के श्री जगदीश कारपेंटर, नगर समस्या सुझाव ग्रुप के श्री विवेक खण्डेलवाल,नगरपालिका के सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया सहित नगरपालिका के कर्मचारी, नागरिकों जनप्रतिनिधियों, इंदिरा नगर एवं ग्वालटोली के रहवासियों आदि ने ग्वालटोली तालाब परिसर की साफ सफाई के लिए उत्साह पूर्वक श्रमदान किया और कचरा एकत्रित कर ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया।इस मौके पर नगरपालिका नीमच द्वारा ग्वालटोली तालाब के सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण का कार्य का कलेक्टर ने अवलोकन किया और सीएमओं श्रीमती दुर्गा बामनिया को आवश्यक निर्देश दिए।

---

## शातिर बाईक चोर गिरफ्तार, चोरी की 7 बाईकें जब्त

**पीपुल्स प्रवक्ता, खरगोन।**

सनावद थाना पुलिस ने 20 मार्च को भरे बाजार से चोरी हुई बाइक की गुत्थी सुलझाते हुए शातिर बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने 7 बाईकें जब्त की है। यह बाईकें सनावद सहित मांधाता थाना से चुराई गई थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भवानी रोड



टवडीपुरा निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 मार्च को देर शाम उसकी बाईक क्रमांक एमपी 10एमडब्ल्यू 3707 भरे बाजार से चोरी हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। इसमें संदेही जिला खंडवा के थाना मांधाता क्षेत्र के रहने वाले छोटेलाल पिता तोताराम वास्कले को हिरासत में लिया। पूछताछ में छोटेलाल ने बाईक चोरी करना स्वीकार किया। चोरी की गई बाईक ग्राम जुनापानी फॉरेस्ट के जंगल में झाडियों में छुपा कर रखी थी। आरोपी की निशानदेही पर जंगल में दबिश दी, जहां से 7 बाईके जब्त की गई। छोटेलाल का अपराधिक रिकार्ड चेक करने पर उस पर पूर्व से चोरी के 15, आर्म्स एक्ट के 02 व आबकारी एक्ट का 1, इस प्रकार कुल 19 अपराध दर्ज होना पाया गया। कार्रवाई में बाईक क्रमांक एमपी 10 एमएक्स 8595, एमपी 10 एमडब्ल्यू 3707, एमपी 13 ईटी 9856, एमपी 10 झेडडी 6569, एमपी 10 एमएक्स 8595, एमपी 10 एमडब्ल्यू 3707 और एमपी 10 झेडडी 6569 जब्त की गई।

---

## पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया



**पीपुल्स प्रवक्ता, दतिया।**

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत आज 28 मार्च 2026 शनिवार को ÷रन फॉर यूनिटी (साइकिल मैराथन)÷ का आयोजन जिला दतिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साइकिल रैली का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक दतिया श्री सूरज कुमार वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर पीतांबरा पीठ मंदिर, बम-बम महादेव मंदिर एवं गल्ला मंडी मार्ग से होते हुए थाना सिविल लाइन पर समापन हुआ। साइकिल रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार शिवहरे, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, निरीक्षक वैभव गुप्ता, निरीक्षक सपना शर्मा, सूबेदार अजय वर्मा, सूबेदार नईम खान सहित जिला पुलिस बल, 29वीं वाहिनी विसबल दतिया के अधिकारी/कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया गया तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। यह आयोजन जिले में आपसी सहयोग, भाईचारे एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सफल रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों एवं पुलिस बल में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा।

---

# किसान भाई रसायन मुक्त, जीरो बजट की खेती अपनाकर स्वस्थ्य समाज निर्माण में योगदान दें : विजयवर्गीय

**पीपुल्स प्रवक्ता, नीमच।**

जिले एवं प्रदेश के किसान भाई रसायन मुक्त, जीरो बजट की खेती को अपना कर, भावी पीढ़ी को स्वस्थ बनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। पद्मश्री सुभाष पालेकर जी ने कृषि क्षेत्र में अनेको प्रयोग कर जीरो बजट रसायन मुक्त कृषि पद्धति तैयार की है। इस कृषि पद्धति का उपयोग कर किसान भाई, जीरो बजट खेती करें। यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार को कृषि उपज मण्डी जावद में आयोजित जहर मुक्त जीरो बजट कृषि पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस मौके पर विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, मुख्य वक्ता पद्मश्री श्री सुभाष पालेकर, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, पूर्व सांसद श्री सुभाष जी, पूर्व विधायक कटनी श्री कैलाश जी व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मंत्री श्री विजय वर्गीय ने कहा, कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्राकृतिक खेती, जीरो बजट खेती की बात करते है। इन कृषि पद्धतियों से किसानों को कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसान भाई श्री सुभाष पालेकर जी की कृषि पद्धतियों को समझे और उन्हें अपनाए। देश को आत्मर्भिर बनाना है, कृषि क्षेत्र में भी



आत्मनिर्भर बनना है। श्री विजयवर्गीय ने कीटनाशक और रासायनिक उर्वरक को मानवता का दुश्मन बताया। मुख्य वक्ता श्री सुभाष पालेकर ने अपने उदबोधन में कहा, कि मैं अपने जीवन में पहले विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा से मिला हूं जो जावद में निश्शुल्क कृषि पर आधारित प्रशिक्षण शिविर किसानों के लिए आयोजित कर रहे है। उन्होने कहा, कि मेरी कृषि पद्धति जैविक और प्राकृतिक नहीं है, उससे भिन्न है। उन्होने कहा, कि किसी भी पेड़ पौधे को जीवित रहने के लिए कीटनाशक और किसी भी प्रकार के खाद के भोजन की जरूरत नहीं होती है। उन्होने कहा, कि फसलों में रासायनिक उर्वरक का कतई उपयोग ना करें और ना ही कीटनाशक का। उन्होने किसानों से देशी बीज का उपयोग करने की बात कही। श्री पालेकर जी ने रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि समय के साथ खेती का स्वरूप भी बदल रहा है। सोलर एनर्जी के मामले में जावद देश में अग्रणी है। उन्होने कहा, कि जावद के सरकारी स्कूल के 50 छात्र एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे है। शासकीय स्कूलों में जे.ई.ई.नीट की निश्शुल्क कोचिंग सुविधा के उक्त परिणाम मिले है। श्री सखलेचा ने कहा, कि इस प्रशिक्षण शिविर स्थल पर विभिन्न 16 विभागों की स्टाल एवं प्रदर्शनी लगी है। जावद क्षेत्र के 1500 विद्यार्थी आठ माह से ए.आई.की पढ़ाई कर रहे है।

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत् दीवार लेखन कर जल संरक्षण के उपाए बताए गए




**दतिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का शुभारंभ 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगया है और यह अभियान 30 जून 2026 तक आयोजित किया जायेगा। इसीक्रम में आज शनिवार को म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड भाण्ड़ेर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आमजन में जनजागरूता जागृत करने के उद्देश्य से दीवार लेखन कर जल संरक्षण के उपाए बताए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ ही नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, पूर्व से उपलब्ध जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं मरम्मत, भूजल संवर्धन, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा राजस्व रिकॉर्ड में जल संरचनाओं एवं नहरों का अंकन प्राथमिकता से किया जाएगा।